Rapid Fire करेंट अफेयर्स (04 May)

- **मिलिट्री डिफेंस सिस्टम** को साइबर अटैक से सुरक्षित रखने के लिये संभवतः अगले **महीने देश की डिफेंस साइबर एजेंसी (DCA)** की शुरुआत होने जा रही है। नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी रियर एडमिरल मोहित गुप्ता इसके पहले प्रमुख होंगे और इसका मुख्यालय दिल्ली में होगा। DCA अन्य देशों, खासकर पाकिस्तान और चीन से होने वाले साइबर अटैक के खतरे से निपटने का काम करेगी। साइबर एजेंसी का दायरा धीरे-धीरे देशभर में बढ़ाया जाएगा, जहाँ यूनिट में साइबर सिक्योरिटी हेड तैनात किये जाएंगे। यह एजेंसी भारतीय सशस्त्र बलों और DRDO के साथ मिलकर हैकर्स को रोकने का काम करेगी। **पाकिस्तान या चीन के हैकर** हमारे डिफेंस सिस्टम में सेंधमारी की कोशिश करते रहते हैं और अक्सर ऑनलाइन हमला करते रहते हैं। गौरतलब है कि सैन्य बलों में पेन ड्राइव और मैलवेयर राइड हार्डवेयर का उपयोग करने को लेकर सैन्यकर्मियों को पहले से ही चेतावनी जारी की जा चुकी है।
- 1 से 10 मई तक **भारतीय और फ्राँसीसी नौसेनाओं** के संयुक्त नौसेना अभ्यास का पहला भाग **वरुण 19.1, गोवा समुद्र तट** के निकट आयोजित किया जा रहा है। इस अभ्यास को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। गोवा में आयोजित हार्बर चरण में दोनों देशों के नौसेना अधिकारियों के दौरे, पेशेवर वार्तालाप एवं विचार-विमर्श तथा खेल आयोजन शामिल होंगे। समुद्री चरण में विभिन्न प्रकार के समुद्री संचालनों से जुड़े अभ्यासों को शामिल किया जाएगा। अभ्यास का दूसरा भाग **वरुण 19.2** मई के अंत में **जिबूती** में आयोजित किया जाएगा। इस द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास की शुरुआत 1983 में की गई थी। वर्ष 2001 में इसका नाम 'वरुण'रखा गया। यह भारत और फ्राँस की रणनीतिक साझेदारी का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।
- 2 मई को उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने 13वीं शताब्दी के**वैष्णव संप्रदाय** के प्रख्यात गुरु, दार्शनिक एवं कवि **वेदांत देसिकन की 750वीं जयंती** के अवसर पर स्मारक डाक टिकट जारी किया। वेदांत देसिकन वैष्णव संप्रदाय के शुरुआती गुरुओं में से हैं। स्मारक डाक टिकट जारी करने का उद्देश्य वेदांत देसिकन को श्रद्धांजलि देने के साथ युवा पीढ़ी को उनके नक्शे-कदम पर चलने के लिये प्रोत्साहित करना है। वेदांत देसिकन सिर्फ आध्यात्मिक गुरु नहीं थे, बल्कि वह बहुमुखी प्रतिभा वाले व्यक्तित्व थे। वह एक वैज्ञानिक, तर्कसिद्ध, गणितज्ञ, साहित्यकार, भाषा-विज्ञानी और रणनीतिकार थे। 1268 ईस्वी में जन्मे, वेदांत देसिकन वैष्णव दार्शनिक थे और रामानुज के बाद के काल में वैष्णववाद के सबसे प्रखर व्यक्तित्वों में से एक थे। उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं का आधार शांति और मानवता थी।
- अमेरिका के 25 प्रभावशाली सांसदों ने ट्रंप प्रशासन से भारत को व्यापार में दी गई **सामान्य तरजीही व्यवस्था (GSP)** समाप्त नहीं करने को कहा है। उन्होंने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि रॉबर्ट लाइटहाइज़र से अपील की है कि 3 मई को 60 दिन की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत के साथ GSP कार्यक्रम को खत्म नहीं किया जाना चाहिये, क्योंकि इसका अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इससे वे अमेरिकी कंपनियाँ प्रभावित होंगी जो भारत में अपना निर्यात बढ़ाना चाहती हैं। गौरतलब है कि GSP अमेरिका का सबसे बड़ा और पुराना **व्यापार तरजीही कार्यक्रम** है। यह कार्यक्रम चुनिंदा लाभार्थी देशों के हजारों उत्पादों को शुल्क से छूट देकर उनकी आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिये शुरू किया गया था।
- कुछ समय पूर्व **हनोई** में हुई असफल **शिखर वार्ता** के बाद **उत्तर कोरिया** ने अमेरिकी प्रतिबंध की धमकियों को दरकिनार करते हुए 4 मई की सुबह पूर्वी सागर में कम दूरी तक मार करने वाली कई मिसाइलों का परीक्षण किया। दोनों ही पक्षों के बीच प्रतिबंधों और प्योंगयांग के परमाणु आयुधों को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी। दक्षिण कोरिया के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अनुसार, इन्हें उत्तर कोरिया के पूर्वी तट से लगे होदो प्रायद्वीप के वोनसन के पास से प्रक्षेपित किया गया। उत्तर कोरिया के इन परीक्षण को परमाणु वार्ता में गतिरोध के मद्देनज़र अमेरिका पर दबाव बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इन मिसाइलों ने पूर्वी सागर में 70 से लेकर 100 किलोमीटर तक की दूरी तय की। यह परीक्षण ऐसे समय किया गया है जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय कोरियाई **प्रायद्वीप के परमाणु निरस्त्रीकरण** को लेकर बातचीत कर रहा है। ज्ञातव्य है कि उत्तर कोरिया ने इससे पहले नवंबर 2017 में मिसाइल का परीक्षण किया था।